# मेरी ABC पुस्तिका

| | |
|---|---|
| **विवरण** | विद्यार्थी अंग्रेजी की वर्णमाला पुस्तक बनाएंगे और साथ ही साथ उसमें चित्रांकन भी करेंगे । |
| **मुख्य प्रश्न** | क्या आप अपनी स्वयं की वर्णमाला पुस्तक बना सकते हो ? |
| **कार्य में लगने वाला समय** | 2 सप्ताह में कुल 10 घंटे |
| **आवश्यक सामग्री** | नोटबुक(कॉपी), पेंसिल(सीस), इरेज़र(मिट्टीस), रंग |
| सीखने की संप्राप्ति | 1. किताबों के द्वारा बातचीत करके और कहानियों, शब्दों, अक्षरों और आवाजों के माध्यम से प्रिंट की समझ बनाकर उचित रूप से जानकारी को साझा करें<br>2. प्रिंट और चित्रों की पहचान करना और उन दोनों के बीच में अंतर बताना<br>3. ध्वनियों और अक्षरों को उचित रूप से पढ़ना और जवाब देना<br>4. उपयुक्त पठन योजनाओं का विकास करना<br>5. उभरती लेखन-व्यवहार का दिखना<br>6. लिखित सूचना को उचित रूप से बताना<br>7. लिखित कार्य के वर्तनी और विराम चिह्नों को उचित ढ़ंग से व्यवस्थित करना ।<br>8. उपयुक्त लेखन योजनाओं का विकास करना |

# पहला दिन

आज आप अपने छोटे भाई-बहनों को वर्णमाला सीखाने के लिए वर्णमाला-पुस्तक बनाना सीखेंगे|

| ***सुझाई गई अवधि*** | ***गतिविधि और विवरण*** |
|---|---|
| **5 मिनट** | • यदि उपलब्ध हो सके तो विद्यार्थी संदर्भ के लिए एक वर्णमाला-पुस्तक देखेंगे ।<br>○ प्रत्येक अक्षर को छोटे और बड़े अक्षर में लिखा जाएगा और दोनों अक्षरों के लिए दो-दो शब्द लिखे जाएँगे जिसको लेबल भी किया जाएगा । जैसे: Aa: Arrow और Ant या Bb: Bow और Bird |

Aa: Arrow (तीर)




Bb: Bow




(धनुष)

Ant(चींटी)



Bird



(पक्षी)

| | |
|---|---|
| **10 मिनट** | • विद्यार्थी प्रत्येक अक्षरों के लिए 2 तरह के शब्दों के बारे में सोचेंगे \| जैसे: जानवर का नाम और खाद्य पदार्थ का नाम |
| **40 मिनट** | • विद्यार्थी पहले दिन चार अक्षर A, B, C, D पर काम करेंगे \| |
| **10 - 20 मिनट** | • संख्या विस्तार: (संख्या और बीज गणित) विद्यार्थी पेज संख्या को लेबल करेंगे और संख्याओं को क्रम में लिखेंगे, बड़े विद्यार्थी सम और विषम संख्याओं को अलग-अलग रंग से चिन्हित कर सकते हैं \|<br>• टिप: माता-पिता विद्यार्थियों को शब्दों को लिखने या उन अक्षरों को लिखने के लिए लाईनें खींचकर मदद कर सकते हैं जिससे की विद्यार्थी उन लाईनों पर ट्रेस कर सकें । बड़े विद्यार्थी स्वयं लिख सकते हैं \|<br>• टिप: विद्यार्थी चित्र बनाने के बजाए कहीं से चित्र काटकर भी चिपका सकते हैं \|<br>• विद्यार्थी 5 स्वरों को पहचानने के लिए उनको अलग रंग से लिख सकते हैं \| |

# 2-5 दिन

2-5 दिनों तक आप वर्णमाला के लिए नए शब्दों पे काम करेंगे |

| | |
|---|---|
| **50 मिनट** | • विद्यार्थी एक दिन में 5 वर्णमाला पे काम करेंगे \|<br>○ दूसरे दिन वो E, F, G, H, I (E और I स्वरों को अलग रंग से लिखा जाएगा)<br>○ तीसरे दिन वो J, K, L, M, N पे काम करेंगे \|<br>○ चौथे दिन वो O, P, Q, R और S पे काम करेंगे \| (O स्वर को अलग रंग से लिख जाएगा \|)<br>○ पाँचवे दिन वो T, U, V, W और X पे काम करेंगे \| (U स्वर को अलग रंग से लिखा जाएगा \|)<br>○ विद्यार्थी वर्णमाला के छोटे और बड़े अक्षरों को लिखेंगे (Cc).<br>○ विद्यार्थी प्रत्येक श्रेणी में दो शब्दों के बारे में सोचेंगे जो पसंद के अक्षर से शुरू होता है और इनको ट्रेस करेंगे \| उदाहरण: Cc: Cat और Cabbage<br>○ विद्यार्थी अपने द्वारा चुने गए शब्दों के चित्र को बनाएंगे और उसमे रंग भरेंगे \| |

- विद्यार्थी प्रत्येक पन्ने के नीचे उस पन्ने की संख्या लिखेंगे |
- टिप: माता-पिता विद्यार्थियों को शब्दों को लिखने या उन अक्षरों को लिखने के लिए बनने वाले लाइनों के साथ मदद कर सकते हैं जो विद्यार्थी ट्रेस कर सकें।

**15 मिनट**

- संख्या विस्तार: (डेटा हैंडलिंग):
  - विद्यार्थी विभिन्न रंगों के खाद्य पदार्थों की संख्या के चित्र तैयार करेंगे, प्रश्न यह होंगे: आपकी वर्णमाला पुस्तक में कितने खाद्य पदार्थ पीले(yellow), हरे(green), लाल(red) आदि हैं? हरे खाद्य-पदार्थ: spinach, gongura आदि विद्यार्थी आखिरी में कुल संख्या लिखेंगे |
  - विद्यार्थी उन जानवरों की संख्या का चित्रण करेंगे जो भूमि, जल या वायु में रहते हैं। प्रश्न यह होगा कि वर्णमाला पुस्तक में कितने जानवर जल, वायु या भूमि में रहते हैं? भूमि(Land): lion, dog, पानी(water): fish, crab, हवा(air): Crow, Parrot आदि | और आखिरी में कुल संख्या लिखेंगे
  - विद्यार्थी फलों, सब्जियों, डेयरी या स्नैक्स (सीखने की समझ के आधार पर निर्धारित की जाने वाली श्रेणियां) की संख्या के चित्र तैयार करेंगे: आपकी वर्णमाला पुस्तक में कितने खाद्य पदार्थ फल, सब्जियां, डेयरी या अन्य स्नैक्स हैं? फल(fruits): आम(mango), सीताफल(custard-apple); सब्जियां(vegetables): आलू(potato), टमाटर(tomato), ; डेरी(dairy): दूध(milk), दही(custard); अन्य स्नैक्स: समोसा(samosa), चिप्स(chips) आदि | शिक्षार्थी अंत में कुल संख्या लिखेंगे

| Colours (रंग) | food items (खाद्य पदार्थ) | | | total |
|---|---|---|---|---|
| Green (हरा / जाबुड़) |  |  |  | 3 |
| Red (लाल / लालुम) |  | | | 1 |
| Yellow (पीला / कमकोल) | | | | |
| Orange (नारंगी / संतरा) | | | | |
| Brown (भूरा / एर्रा) | | | | |

# छठवाँ दिन

आज आप अपनी वर्णमाला-पुस्तक को पूरा करोगे और अपने परिवार के सदस्यों के साथ साझा करोगे |

| ***सुझाई गई अवधि*** | ***गतिविधि और विवरण*** |
|---|---|
| **20 मिनट** | • विद्यार्थी आखिरी के दो वर्णमाला Y और Z को पूरा करेंगे \| |
| **10 मिनट** | • विद्यार्थी वर्णमाला-पुस्तक के पहले पन्ने को डिज़ाइन करेंगे \|<br>○ विद्यार्थी पुस्तक के शीर्षक के बारे में सोचेंगे - जो की ये दर्शाएगा की पुस्तक किस बारे में \| उदहारण: 'my alphabet book', 'ABC by me' आदि \|<br>○ विद्यार्थी आवरण पृष्ठ को छोटे पाठकों के लिए बनाएंगे जिससे की वो उस पुस्तक की पहचान कर सके \|<br>○ विद्यार्थी लेखक और चित्रकार के नाम में अपना नाम लिखेंगे \| |
| **10 मिनट** | • विद्यार्थी वर्णमाला-पुस्तक को अपने परिवार और छोटे भाई-बहनों के साथ साँझा करेंगे \| |
| **10 मिनट** | • विद्यार्थी अपने द्वारा सीखे गए सभी नए शब्दों पर चिंतन करेंगे\| |

# मूल्यांकन के मापदंड

- डिजाइन और रचनात्मकता
- प्रत्येक श्रेणी में शब्दों के बारे में सोचने के लिए महत्वपूर्ण सोच
- लेखन की स्पष्टता
- वर्तनी प्रवाह

# अतिरिक्त प्रोत्साहन गतिविधियाँ

- विद्यार्थी अधिक श्रेणियां जोड़ सकते हैं और प्रति वर्णमाला के वर्तनी और अतिरिक्त शब्दों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं
- विद्यार्थी शब्द बनाने और रंग भरने के बजाय चित्र चिपका सकते हैं |

# सरलीकरण करने के लिए तरीके

- विद्यार्थी एक शब्द प्रति अक्षर लिख सकते हैं |